## एक नजर में

### श्रेष्ठ 3 'लोगो' को किया जायेगा पुरस्कृत

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी ने क्रिएटिव इनिशिएटिव का शुभारंभ करते हुए एक शानदार 'लोगो' डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है . यह पहल पोर्टल के माध्यम से जन–भागीदारी को प्रेरित करने और कंपनी की शहरी सुधार योजनाओं, शहरों में सीवरेज, जलापूर्ति और अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता व पहचान को बढ़ावा देने के लिये की गई है . प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आम नागरिकों को द्धह्लह्लश्चह्य-//द्वश्च.द्व4द्द१1.द्व्वु/ पोर्टल पर अपना मौलिक डिज़ाइन छ्वक्कत्र/क्कठ्ठत्र फॉर्मेट में अपलोड करना होगा . एमपीयूडीसी द्वारा चयनित विजेताओं के लिये प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्रावधान किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये, द्वितीय 5 हजार और तृतीय स्थान के लिए 2 हजार 500 रुपये की नगद राशि शामिल है . प्रविष्टि की अंतिम तिथि 31 जुलाई शाम 5 बजे तक तय की गयी है . इस प्रतियोगिता के माध्यम से एमपीयूडीसी का उद्देश्य न केवल एक आकर्षक ब्रांड पहचान स्थापित करना है, बल्कि यह दर्शाना भी है कि कंपनी किस प्रकार जल प्रदाय परियोजना, सीवरेज परियोजना और नगरों से जुडे अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिये कार्यरत है .

### सायबर ठगों से सावधान करने की एडवायजरी

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की है . संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है . ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं . उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी है . इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है . संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर जिनमें मुख्यत: 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाये जाए . अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें . हो सकता है वह आपकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त कर आपको परेशान करे . यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विभागीय अधिकारी बताकर/विभागीय अधिकारी के नाम से भी आपसे बात करे तो एकदम से उसकी बात पर विश्वास न करें . आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या नम्बर 1930 पर अवश्य करें .


### कुक एवं चौकीदार की आवश्यकता है

स्कूल हॉस्टल में काम करने के लिए एक कुक एवं चौकीदार की आवश्यकता है. वेतन 8000 से 12000 तक योग्यता 10वीं पास संपर्क करें के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल मां जालपा मंदिर रोड, के पास राजगढ़
मोबाइल 9827869751
बिल 02 जुलाई 2025


# स्कूल बसें ओव्हर लोडिंग पाईं तो होंगी जब्त

## तलेन क्षेत्र में स्कूल बसों की जांच करने उतरा परिवहन विभाग, एक स्कूल बस बिना परमिट के दौड़ती पाई गई

**अंतत: बैठक के बाद हरकत में आया परिवहन विभाग**

**एक स्कूल बस को थाने में रखवाया**

**जिले में चलेगा अभियान, होगी कार्यवाही**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 02 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अंतत: जिला परिवहन विभाग ने अपना काम शुरू कर दिया है. सड़क पर उतरकर शुरूआत स्कूलों वाहनों की चैकिंग से की जा रही है. बुधवार को तलेन क्षेत्र में 5 स्कूल बसों की जांच की गई इसमें एक बस बिना परमिट के दौड़ती नजर आई. जिला परिवहन अधिकारी राजगढ़ ज्ञानेन्द्र बैश्य द्वारा बस को तलेन थाने में जब्त करा दिया गया है. ब्यावरा एवं तलेन क्षेत्र में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान तलेन क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, संस्कार पब्लिक स्कूल, एसबीएस पब्लिक स्कूल एवं मास्टर माइंड स्कूल का निरीक्षण कर उनके संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पूर्ण पालन करते हुए समस्त दस्तावेज पूर्ण रखें तथा निर्धारित सीट क्षमता से अधिक बच्चों को बस में न बैठाएं. तलेन–झालारपुर मार्ग पर जांच के दौरान एक बस बिना परमिट एवं फिटनेस के संचालित पाई गई, जिसे तलेन थाने में जब्त कराया गया है.

जिला परिवहन विभाग द्वारा इस प्रकार कार्यवाही के बाद दोनों ही क्षेत्रों में कौतूहल रहा. स्कूल संचालकों ने अपने दस्तावेंजों का परीक्षण कराया. साथ ही विभाग द्वारा स्कूलों को हिदायत दी गई है कि यदि उनके वाहनों के दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन के अनुसार दुरूस्त नहीं है तो जल्द पूर्ण कर लें. अन्यथा भविष्य में दोबारा जांच की जाएगी और वाहनों को जब्त किया जाएगा. श्री वैश्य ने बताया कि नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है.

### औचक होगा निरीक्षण, सख्त होगी कार्यवाही

इस जांच दल का नेतृत्व आरटीओ ज्ञानेन्द्र बैश्य ने किया, जिसमें



जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी, होमगार्ड सैनिक एवं पुलिस टीम भी सम्मिलित रही .आरटीओ द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार की औचक जांच भविष्य में भी की जाएगी . सभी स्कूलों से अपील की गई है कि वे अपनी बसों को दस्तावेज पूर्ण होने पर ही संचालन में लाएं . जांच के समय यदि कोई बस बिना दस्तावेजों के पाई गई तो उस पर कठोर चालानी कारवाई की जाएगी .

### हाईवे पर सरपट दौड़ रहीं यात्री बसों की भी हो जांच

जिले में यात्री बसों की भी इसी प्रकार जांच होनी चाहिए . कईं बसें बिना फिटनेस के दौड़ रही है और हादसे का शिकार हो जाती है . ताजा मामला खिलचीपुर के समीप आया है जहां सिर्फ वायपर की चूक के कारण यात्रियों की जान पर बन आई थी . गाड़ी मालिकों की छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन जाती है . बारिश के दिनों जो भी सुरक्षा उपकरण अधिक काम आते हैं वे दुरूस्त नहीं रखे जाते है . ताजा मामले में वायपर जैसी कमीं सामने आई है . ऐसे में परिवहन विभाग को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए . जिससे कि भविष्य में बड़े हादसों को टाला जा सके . बारिश के दिनों में कई बार वाहन पुल और रपटों पर पानी होने के बाद भी निकलते है .



# सिंचाई उपकरण में तोड़फोड़ की वसूली खसरे में होगी दर्ज

## कलेक्टर ने तोड़फोड़ करने वालों पर एफआईआर के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का. मोहनपुरा कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के सिंचाई उपकरण तोड़ने वाले किसानों पर कार्रवाई करने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि जो लोग उपकरण में तोड़–फोड़ कर रहे हैं उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए. जिस किसान के खेत में उपकरण की तोड़–फोड़ होती है उसे भी नुकसान पहुंचाने का जिम्मेरदार माना जाए. उन्होंने कहा कि ऐसे किसानों पर तोड़–फोड़ की वसूली उनके खसरों में दर्ज की जाए.**

मोहनपुरा कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के सिंचाई जल के सद्पयोग के लिए जिले में माइक्रो इरीगेशन को बढ़ावा दिया जाएगा. किसानों को माइक्रो इरीगेशन पद्धतियां अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा, साथ ही उनको माइक्रो इरीगेशन अपनाने से होने वाले फायदों का अर्थशास्त्रए समझाया जाएगा. बुधवार को कलेक्टसर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि, उद्यान, मोहनपुरा एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के अधिकारियों एवं माइक्रो इरीगेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले में माइक्रो इरीगेशन बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया. इस दौरान उन्होंरने स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर जैसी माइक्रो सिंचाई प्रणालियों में हितग्राहियों को मिलने वाले अनुदान की भी जानकारी ली.

**माइक्रो इरीगेशन के क्षेत्र में श्रेष्टए कार्य करने वाली ग्राम पंचायत होंगी पुरूस्कृत**–बैठक में कलेक्ट र ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में माइक्रो इरीगेशन का बेहतर कार्य होगा. उन्हें एक लाख, पचास हजार एवं 25 हजार रूपये की राशि के क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्काार दिए जाएंगे. इसके साथ ही 10–10 हजार रूपये की राशि के सांत्व ना पुरूस्काार भी दिए जाएंगे.

**उद्यानिकी को बढ़ावा देने पर भी चर्चा**–बैठक में कलेक्टार में जिले में केला, स्ट्राबेरी, अमरूद, पपीता इत्या दि की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए. इसके अलावा अदरक, हल्दी एवं आलू की पैदावार की संभावनाओं पर भी अध्यएयन करने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा.



# आप राह तलाशें, तराशने का काम हम करेंगे

## शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जुलाई, का. स्थानीय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान एनएसएस अधिकारी डॉ केएन मीना, प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता ने छात्र–छात्राओं को अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु सर्वप्रथम स्वयं को संपूर्ण प्रयास करने की प्रेरणा दी.**

हाल ही में सेवानिवृत हुए रसायन शास्त्र के प्रो डॉ व्ही के जैन द्वारा समय की महत्ता को समझाने के लिए एक गीत जिंदगी के सफ़र में गुजर जाते हैं जो मकाम' प्रस्तुत किया गया. संकाय मार्गदर्शक प्रो अरविंद भारद्वाज द्वारा महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले समस्त संकाय के सभी विषयों के समस्त शिक्षकों का परिचय दिया गया. साथ ही अन्य स्टाफ की भी जानकारी प्रदान की गई. प्रो पी के खरे द्वारा मंच संचालन करते हुए यह बताया गया कि यह महाविद्यालय एक नदी की तरह है और छात्र जल की भांति तथा यहां छात्र–छात्राओं में सन्निहित हीरे की तलाश करके उन्हें तराशने का काम हमारे शिक्षक करते हैं.

एनसीसी अधिकारी प्रो हेमंत शर्मा ने संदर्भित विषय पर अपने विचार रखते हुए आभार अभिव्यक्त किया. कार्यक्रम में, एनसीसी एवं एनएसएस के पूर्व छात्र,वरिष्ठ छात्र–छात्राओं के साथ ही महाविद्यालयीन परिवार के साथ–साथ महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थी एनसीसी,एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक एवं अन्य 94 विद्यार्थी उपस्थित रहें. सभी शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से अपने भविष्य की मजबूत नींव रखने की बात कही.

# अहिल्या यूनिवर्सिटी में राजगढ़ की खुशी टॉपर

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** राजगढ़ जिले की बेटियां लगातार एक के बाद एक परीक्षाओं में अपना वर्चस्व दिखा रहीं है. बीते दिनों बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश की मेरिट में बेटियों ने कब्जा किया था. इसके पहले एमपीपीएससी में भी अधिकारी बनीं और अब यूनिवर्सिटी में भी टॉप कर रही है.

राजगढ़ नगर के व्यवसायी जितेन्द्र विश्वकर्मा की बेटी खुशी ने इंदौर के देवी अहिल्या यूनिर्वसिटी में मास्टर्स इन सोशल वर्किंग में टॉप किया है. अपने संकाय में खुशी ने टॉप पर राजगढ़ जिले का नाम रोशन किया है. इनकी माता जया जायसवाल वर्तमान में सेवा भारती की उपाध्यक्ष भी है. खुशी की इस उपलब्धि पर सभी ने शुभकामनाएं दी है. खुशी सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से है. इंदौर में रहकर पढ़ाई की और यह उपलब्धि हासिल की है.



### प्रदेश में 54 लाख ईकेवायसी पेंडिंग

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** ईकेवायसी को लेकर शासन और प्रशासन काफी जोरों पर अपनी अंतिम रूपरेखा में लगा है. प्रदेश सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक कुल पात्र हितग्राही 5 करोड़ 32 लाख 42 हजार में से 4 करोड़ 75 लाख 66 हजार हितग्राहियों के ई–केवायसी किये जा चुके हैं. इनमें 2 लाख 36 हजार हिताग्राहियों के नाम विलोपित किये गये हैं. इनमें से 54 लाख 40 हजार की ई–केवायसी किया जाना शेष है.

# अब फील्ड कर्मियों को दो बार सेल्फी के साथ नहीं लगानी होगी हाजिरी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जुलाई, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जेई एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. कंपनी ने कहा है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर रहते हैं, जिससे वे उपस्थिति समय–सारणी का पालन नहीं कर पाते हैं. ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओएंडएम), एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2.0' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए. कंपनी ने स्पष्ट किया है कि फील्ड ड्यूटी पर लगे जे.ई. एवं उससे ऊपर के फील्ड अधिकारी किसी भी सुविधाजनक समय पर केवल एक बार उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे. हालांकि कॉर्पोरेट कार्यालय में पदस्थ अधिकारी या फील्ड इकाइयों में केवल कार्यालयीन कार्य कर रहे अधिकारी, पूर्ववत दो बार उपस्थिति दर्ज करने की प्रणाली का पालन पूर्ववत करते रहेंगे. अन्य सभी कर्मचारियों, जिनमें आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल हैं, पर प्रचलित उपस्थिति प्रणाली प्रात: 10 बजे तक पंच–इन तथा शाम 6:00 बजे तक पंच–आउट करेंगे. कार्यावधि 8 घंटे की लागू रहेगी. कंपनी ने कहा है कि यह छूट केवल फील्ड गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए है.



### राष्ट्रीय परिषद में सदस्य नियुक्त होने पर बधाई दी

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं.** भाजपा मंडल सारंगपुर ने प्रदेश अध्यक्ष एंव मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल को राष्ट्रीय परिषद में सदस्य नियुक्त होने व हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर आतिशबाजी कर मिठाई खिलाई गई इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, महामंत्री कमल राठौर, राजेंद्र सर्वावत, राहुल पुष्पद, कमलेश टेटवाल, पार्षद अमित गिरजे, गोलू वाल्मिकी आदि मौजूद रहे .

# 3 किलो रूफ सोलर लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) के एमडी ने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है. योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है. एमडी ने जनता से अपील की है कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन करें. प्रदेश में लगभग 850 वेंडर इस कार्य में संलग्न किये गये हैं, आवेदक स्वयं उसमें से आप वेंडर का चयन कर सकते हैं. इस प्रकार प्रदेश के क्लीन एनर्जी (स्वच्छ ऊर्जा) के क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित कर प्रदेश को अव्वल बनाने में अपना योगदान दें.

एमडी ने बताया कि मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और नॉलेज पार्टनर काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर ने साथ मिलकर मंगलवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्यप्रदेश में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिये कार्यशाला का आयोजन किया. इसमें मीडिया को राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों, इसमें मौजूद संभावनाओं और मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा संपन्न बनाने के प्रयासों की जानकारी दी गई.

**अभियान** हर रविवार, मच्छर पर वार नामक अभियान चलाएगा स्वास्थ्य महकमा, जिला मलेरिया अधिकारी ने दी जानकारी

# बारिश के पहले ही जिला मलेरिया मुक्त, बीते वर्ष सिर्फ 3 केस आए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का. हमारा जिला मलेरिया मुक्त हो चुका है. बीते वर्ष सिर्फ 3 केस आए थे और वे भी जिले के बाहर के नागरिक थे. यानी इस बार जून माह में मलेरिया सप्ताह की शुरूआत मलेरिया मुक्त राजगढ़ के रूप में हुई है. वहीं हर रविवार मच्छर पर वार नामक अभियान पूरे वर्षाकाल में चलाया जाएगा. जिला मलेरिया विभाग द्वारा आमजनों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए एक नारा बताया जा रहा है.**

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डीपी पटेल ने बताया कि हर रविवार मच्छर पर वार से तात्पर्य है कि पूरे हफ्ते में परिवार के



अधिकतर कामकाजी सदस्यों, सरकारी कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को अवकाश मिलता है. इस अवकाश में थोड़ा सा समय निकालकर अपने घरों में कबाड़ के सामान, कूलर, अनुपयोगी टायर, गमले सहित आस–पास जमा पानी में पनप रहे लार्वा को नष्ट करना है. प्रति सप्ताह एक दिन यदि मच्छरों के लार्वा नष्ट करने के लिए थोडा सा समय निकाल लिया तो प्रत्येक घर, गांव, मोहल्ले और शहर से मच्छरों का पूरी तरह से सफाया हो सकता है. इसी उद्देश्य को सार्थक बनाने के लिए डीएमओ डॉ. पटेल और उनकी टीम ग्रामीण क्षेत्रों सहित स्कूली बच्चों को मच्छर जनित बीमारियों एवं उनसे बचाव के तरीके समझा रहे हैं. बुधवार को जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को मच्छरों से पनपने वाली बीमारियों एवं लार्वा को पनपने से रोकने के तरीके बताए. वहीं छात्र छात्राओं से बीमारियों के बारे में सवाल–जवाब करते हुए सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया.

### पिछले वर्ष मात्र 3 मलेरिया केस

जून माह मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है. इसकी समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले की मलेरिया रिपोर्ट मांगी थी. इस पर डीएमओ डॉ. पटेल ने बताया था कि जिले में पिछले वर्ष 2024 में मात्र 3 मलेरिया के केस थे. वह भी जिले के निवासी नहीं थे बाहर निवास करते थे और वहीं से मलेरिया से ग्रसित होकर आए थे. इस प्रकार राजगढ़ जिला मलेरिया से मुक्त है.

### बारिश के पानी का जमा होने से रोकें

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . शोभा पटेल ने समस्त जिला वसियों से अपील की है कि इस पूरे मानसूनी मौसम में बारिश के पानी को जमा होने से रोकना है . ताकि उसमें मच्छरों के लार्वा न पनप सके . वहीं पेयजल के रूप में शुद्ध जल का उपयोग करना है . ज्यादा गरिष्ठ भोजन नहीं करना है . बाजार के तेल, मसाले वाले खान पान से दूर रहना है . अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए इस मौसम में बहुत सी सावधानियां बरतने की आवश्यकता है . नागरिकों से इस समय गर्मियों से रखे अपने कूलरों में पानी खाली करने, गमलों में पानी बदलने और घरों के आसपास जमा पानी को निकास करने की अपील की गई है . ऐसे स्थानों पर मलेरिया का परजीवि पनपता है जिससे जलजनित बीमारियां फैल जाती है . स्वास्थ्य विभाग अपने मलेरिया मुक्त रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहता है और इसके लिए नागरिकों से अपील की जा रही है .


### क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025–26

तृतीय चरण कॉलेज कोड – 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 25/06/25 से 30/06/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 26/06/25 से 01/07/25

सीट आवंटन 05/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 09/06/24 से 13/06/24 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 05/07/25 से 11/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क – 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से –26 जुलाई 2025